Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to conduct CBI enquiry into incidents of alleged murder in Cooch Bihar Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री निशीथ प्रामाणिक (कूचबिहार): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र कूच बिहार में कुछ दिन पहले राजबंग्सी समुदाय की सम्भरु बर्मन को घर से उठाया जाता है और बड़ी बेरहमी के साथ **…** ** द्वारा उनकी हत्या कर दी जाती है।

महोदय, बंगाल की स्थिति इतनी भयानक है कि कुछ दिन पहले हिमताबाद के भाजपा विधायक देवेन्द्र नाथ राय को घर से उठाकर, बीच चौराहे पर रस्सी से लटकाकर बड़ी बेरहमी के साथ **…*** द्वारा हत्या कर दी जाती है।

महोदय, बंगाल में **…** ***** का संरक्षण प्राप्त विशेष समुदाय के लोगों द्वारा लगातार राजबंग्सी हिन्दू बेटियों के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्याएं हो रही हैं। चौपड़ा की 16 साल की मासूम लड़की मॉम्पी सिंहो को घर से उठाकर, सामूहिक बलात्कार करते हुए हत्या कर दी जाती है।

महोदय, बंगाल में हिन्दुओं का जीने का मौलिक अधिकार छीना जा रहा है। पश्चिम बंगाल को **… *** बनाने की कोशिश की जा रही है। आपके माध्यम से, केन्द्रीय सरकार से यह निवेदन है कि जल्द से जल्द इन घटनाओं की सीबीआई जांच कराते हुए, बंगाल के हिन्दुओं की रक्षा करे, बंगाल की रक्षा करे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री सुधीर गुप्ता को श्री निशीथ प्रामाणिक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।